# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 17.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज, दैनिक जागरण, भारत एकता टाइम्स, राष्ट्रीय सहारा, ज्ञानशिखा टाइम्स, जागरूक एक्सप्रेस, परफेक्ट मिशन, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट, "समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 17.01.2025

# तीन दिन के अंदर अपना पक्ष रखें आर्किटेक्ट नहीं तो लाइसेंस रद्द

## मानचित्र आवेदक से मिली शिकायत के आधार पर वीडीए उपाध्यक्ष ने दी चेतावनी

माई सिटी रिपोर्टर

**वाराणसी।** मानचित्र आवेदक से मिली शिकायत के आधार पर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने आर्किटेक्ट अनिल कुमार सिंह को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पत्र मिलने के तीन दिन के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। ऐसा न करने पर उनका रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल www.upobpas.in पर पंजीकृत आर्किटेक्ट अनिल कुमार सिंह ने पोर्टल पर जमा की गई पत्रावली के मानचित्र का परीक्षण किया। पूर्व में दर्ज की गई आपत्तियों के निराकरण के बिना ही फाइल को दो बार क्रमशः 28 दिसंबर और 15 जनवरी को अपलोड कर दिया गया। परीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने इसे लापरवाही मानी। उधर, वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने बृहस्पतिवार को वीडीए में जोनवार कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि अवैध पेट्रोल, डीजल, सीएनजी फिलिंग स्टेशनों के खिलाफ कार्रवाई करें। आईजीआरएस की शिकायतों का एक सप्ताह में निस्तारण करें। टॉप टेन बकायेदारों से वसूली करें। जोनल अधिकारियों को अधिक संख्या में मानचित्र स्वीकृत करते हुए प्राधिकरण की आय बढ़ाने को कहा।

जोन तीन के वार्ड-दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक व कोतवाली और जोन चार के भेलूपुर व नगवा, जोन पांच के रामनगर व मुगलसराय के अधिकारियों को हिदायत दी।

### स्वास्थ्य कैंप में 276 कर्मचारियों की हुई जांच

*वाराणसी। वीडीए में बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श कैंप का आयोजन किया गया। इसमें वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानंद यादव, उपसचिव देवचंद राम सहित कुल 276 कर्मचारियों ने स्वास्थ्य जांच कराई। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अक्षत अग्रवाल, सर्जन डॉ. अजय अग्रवाल ने जांच की। कैंप में भारत विकास परिषद एवं वाराणसी आई बैंक सोसाइटी ने भी सहयोग किया। ब्यूरो*

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए लगा कैंप

*वाराणसी। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए बृहस्पतिवार को वीडीए में कैंप लगाया गया। इसमें सोलर प्लांट लगवाने के लिए कर्मचारियों और पेंशनधारियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। यह कैंप 30 जनवरी तक चलेगा। इसमें सब्सिडी के बारे में बताया गया। कर्मचारियों को इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन के लिए बिजली का बिल, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर की आवश्यकता होगी। ब्यूरो*

## अमर उजाला–दि0 17.01.2025

### रक्षा संपदा की जमीन पर वीडीए निगम से पास कराना होगा नक्शा

**वाराणसी।** रक्षा संपदा की 160 एकड़ जमीन पर वीडीए और नगर निगम दोनों से नक्शा पास कराना अनिवार्य किया गया है। बगैर नक्शा पास कराए निर्माण कराने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए वीडीए और नगर निगम में प्रारूप तैयार कर लिया गया है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार यह जमीन इंट्रा म्यूनिसिपल नजूल श्रेणी में आता है। यह जमीन नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में है। मानचित्र स्वीकृत करने से पहले मालिक को रक्षा मंत्रालय और नगर निगम से एनओसी लेना अनिवार्य किया गया है। नगर निगम और वीडीए के पास विधिक कार्रवाई का अधिकार है। यहां होने वाले अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई नगर निगम करेगा। इसके अलावा यदि कोई अवैध निर्माण होता है तो वीडीए उस पर कार्रवाई कर सकता है। इसके लिए मंडलायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने वीडीए और नगर निगम को अधिकार दिए हैं। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 17.01.2025

### अवैध निर्माण पर दर्ज होगा परिवाद

**वाराणसी।** वीडीए के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बृहस्पतिवार को वीडीए में परिवाद दाखिल की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम में यह प्रावधान है कि यदि कोई व्यक्ति प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अथवा स्वीकृत मानचित्र से इतर निर्माण करता है तो सीजीएम कोर्ट में उसके विरुद्ध परिवाद दाखिल किया जा सकता है। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 17.01.2025

### वीडीए सचिव ने कर्मचारी संघ को दिलाई शपथ

**वाराणसी।** वीडीए सभागार में बृहस्पतिवार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई। अनिरुद्ध पांडेय को अध्यक्ष, सुशील कुमार उपाध्याय को महामंत्री, विजय कुमार मिश्रा को कार्यवाहक अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद यादव को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार को कोषाध्यक्ष, गायत्री देवी को संयुक्त मंत्री, शिवपूजन मिश्रा को संगठन मंत्री, राजेश कुमार शर्मा को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। ब्यूरो

## आज–दि0 17.01.2025

### अवैध निर्माणपर ढाई हजार प्रतिदिनके हिसाबसे लगेगा दण्ड

#### न्यायालयके आदेशपर विप्रा अधिकारियोंने की बैठक

विप्राके उपाध्यक्ष पुलकित गर्गकी अध्यक्षतामें अधिकारियोंकी एक बैठक की गयी जिसमें कि न्यायालयके आदेशके अनुसार अवैध निर्माणकर्ताओंके ऊपर ढाई हजार रुपया प्रतिदिनके हिसाबसे दण्ड वसूला जायेगा। इसके अलावा ५० हजार रुपयातक निर्माणकर्तासे एकमुश्त रकम भी लिया जा सकता है या आदेश सीजीएम न्यायालयके आदेशपर किया गया। उपाध्यक्षने सभी जोनल अधिकारियोंको निर्देश दिया कि इस सम्बन्धमें जो भी मामला विवादित है उसका निस्तारण इसी के आधारपर किया जाय। निर्माणकर्ता यदि निर्माण नहीं रोकता है तो यह उल्लंघनका आदेश माना जायगा। इस सम्बन्धमें जोनल अधिकारियोंको निर्देश दिया है कि अधिक से अधिक परिवारवाद दाखिल करते हुए दण्डको आरोपित कराते हुए निर्माणको विधिसंगत रूप देते हुए मानचित्र स्वीकृत कराया जाय। इसमें धारा-२६(२) के तहत निर्धारित उपयोगकी भूप्रयोग के विरुद्ध स्थलका उपयोग किया जा रहा है। इस अवस्थामें न्यायालयका आदेश भी असर करेगा। बैठकमें अपर सचिव गुडाकेस शर्मा, प्रभारी अधिकारी भवन परमानन्द यादव, सभी वार्डोंके जोनल अधिकारी, अभियन्ता और कर्मचारीगण शामिल थे।

आज–दि0 17.01.2025

## आर्किटेकको निलम्बित करनेकी दी गयी चेतावनी

विप्रा उपाध्यक्षके निर्देशपर पंजीकृत किये गये आर्किटेक अनिल कुमार सिंहपर पोटलपर जमा की गयी आन लाइन पत्रावलीका परीक्षण करनेके बाद पाया गया कि बिना निस्तारण किये यह पत्रावली १५ जनवरी, २०२५ को लोड कर दी गयी। परीक्षणके दौरान उपाध्यक्षने घोर लापरवाही करार देते हुए इस प्रकारकी त्रुटियोंपर समय व्यर्थ और नकारात्मक छविको लेकर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि इसकी वजहसे जनमानसको परेशानी उठानी पड़ती है। आर्किटेक और रजिस्टर्ट अभियन्ताओंको निर्देश दिया कि यदि मानचित्रोंकी गलत सूचना पायी गयी तो तीन बार नोटिस जारी किया जायेगा और चौथी बार दोहराये जानेपर तीन महीने, पांचवीं बार छह महीने, छठीं बार एक वर्ष और इसके बाद आजीवन प्रोफेशनल प्रैक्टिसको निलम्बित कर दिया जायेगा।

आज–दि0 17.01.2025

## जोनल कार्यालयकी प्रगतिपर सचिवने की आवश्यक बैठक

विप्रा सचिव डाक्टर वेदप्रकाश मिश्रकी अध्यक्षतामें जोन तीन और जोन चारकी प्रगतिपर चर्चा हुई जिसमें निर्देश दिया गया कि दस बड़े बकायेदारोंकी सूची बनाकर उनके खिलाफ काररवाई की जाय। सचिवने जोनल अधिकारियोंको निर्देश दिया कि मानचित्र स्वीकृत करनेमें किसी भी दशामें ढिलाई न हो, जिससे कि विप्रा का कोष बढ़े। जोनमें तीनमें कुल छह, जोन चारमें चार, जोन पांचमें तीन समन मानचित्र स्वीकृत किया गया जिससे विप्राके कोषमें ५२ लाख ५३ हजार ६८० रुपया जमा हुए। बैठकमें प्रभारी अधिकारी भवन परमानन्द यादव, सौरभदेव प्रजापति जोनल अधिकारी, अवर अभियन्ता रोहित कुमार, जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियन्ता सोनू कुमार सहित जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता अशोक कुमार यादव मौजूद थे।

## आज–दि0 17.01.2025

### विप्रा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघके नवनिर्वाचित सदस्योंने लिया शपथ

वाराणसी विकास प्राधिकरणमें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघके नवनिर्वाचित पदाधिकारियोंके शपथ ग्रहण समारोहका आयोजन किया



गया। जिसमें सचिव डाक्टर वेद प्रकाश मिश्रकी अध्यक्षतामें समारोहका आयोजन किया गया था। इस अवसरपर उन्होंने कर्मचारियोंको मेहनत और ईमानदारीसे काम करनेकी शपथ दिलायी। उन्होंने नवनिर्वाचित सदस्योंको शुभकामनाएं भी दी और कहा कि कर्मचारियों और अधिकारियोंके साथ मिलकर कार्योंको सफल बनानेमें एकजुटता लायें। नवनिर्वाचित पदाधिकारियोंमें अध्यक्ष अनुरुद्ध पाण्डेय, महामंत्री सुशील कुमार उपाध्याय, कार्यवाहक अध्यक्ष विजय कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, संघटन मंत्री शिवपूजन मिश्र, प्रचारमंत्री राजेश कुमार और संयुक्त मंत्री गायत्री देवीने शपथ ग्रहण किया।

## भारत एकता टाइम्स–दि0 17.01.2025

### विकास प्राधिकरण कर्मी लगवाएंगे सोलर प्लांट

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के सभी नियमित, संविदा और पेंशनधारी कर्मचारियों को सोलर प्लांट लगाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना और कर्मचारियों के बिजली खर्च को कम करना है। योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कुल 1,08,000 तक की सब्सिडी दी जाएगी। 1 किलोवाट के लिए 45,000 रुपये, 2 किलोवाट के लिए 90,000 रुपये और 3 से 10 किलोवाट तक 1,08,000 रुपये अनुदान दिए जाएंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए कर्मचारियों को अपना बिजली बिल, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर प्रस्तुत करना होगा। रजिस्ट्रेशन कैंप एचडीएफसी बैंक के सामने प्राधिकरण परिसर में 16 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप का संचालन नोडल अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) द्वारा किया जा रहा है। सभी पात्र कर्मचारियों से आग्रह है कि वे समय पर रजिस्ट्रेशन कर इस योजना का लाभ उठाएं। यह योजना पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा लागत में कमी के साथ ही प्रधानमंत्री के हर घर सोलर प्लांट लक्ष्य को साकार करने में सहायक होगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


दैनिक जागरण–दि0 17.01.2025

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



शपथ ग्रहण करते कर्मचारी संघ के पदाधिकारी : वीडीए

**वाराणसी** : वीडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने गुरुवार को शपथ ग्रहण किया। सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संघ के उद्देश्यों और कार्यों को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वाले पदाधिकारियों में अनिरुद्ध पांडेय ने अध्यक्ष पद की शपथ ली। वहीं सुशील कुमार उपाध्याय ने महामंत्री, विजय कुमार मिश्रा ने कार्यवाहक अध्यक्ष, राजेन्द्र प्रसाद यादव ने उपाध्यक्ष, अनिल कुमार कोषाध्यक्ष, गायत्री देवी ने संयुक्त मंत्री, शिवपूजन मिश्रा ने संगठन मंत्री, राजेश कुमार शर्मा ने प्रचार मंत्री के रूप में शपथ लिया। अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव परमानंद यादव, उप सचिव देवचंद्र राम, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील सिन्हा, महामंत्री अभिषेक सिंह तथा मनोनित सदस्य, कार्यकारिणी सदस्य एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण–दि0 17.01.2025

# रद होगा गलत नक्शा बनाने वाले आर्किटेक्ट का लाइसेंस

जागरण संवाददाता, वाराणसी : भवन निर्माण के लिए विकास प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत कराना होता है। इसमें बहुत बार वीडीए से पंजीकृत आर्किटेक्ट ही अनियमितता बरतते हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने चेतावनी दिया है कि गलत नक्शा पास कराने वाले आर्किटेक्ट के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उसका लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है।

ऐसे ही एक मामले में आनलाइन पोर्टल www.upobpas.in पर पंजीकृत आर्किटेक्ट अनिल कुमार सिंह ने नक्शा जमा किया। मानचित्र का परीक्षण किया गया। कुछ आपत्तियां की गईं। प्राधिकरण की आपत्तियों के निराकरण के बिना ही फाइल को दो बार 28 दिसंबर 2024 और 15 जनवरी 2025 को अपलोड कर दिया गया।

उपाध्यक्ष ने इसे घोर लापरवाही करार देते हुए कहा कि ऐसी त्रुटियों से प्राधिकरण का समय व्यर्थ होता है। छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आम जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अनिल कुमार सिंह को नोटिस देकर कहा गया है कि वे तीन दिनों के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। ऐसा न करने पर उनका रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उपाध्यक्ष ने सभी आर्किटेक्ट व रजिस्टर्ड अभियंताओं को स्पष्ट किया गया है कि वे यदि मानचित्रों में गलत सूचना देते हुए पाए गए तो प्रथम तीन बार नोटिस जारी किया जाएगी। चौथी बार गलती दोहराए जाने पर तीन महीने, पांचवीं बार छह महीने, छठी बार एक वर्ष और इसके बाद आजीवन प्रोफेशनल प्रैक्टिस को निलंबित की जाएगी।




- एक पंजीकृत आर्किटेक्ट को नोटिस देकर तीन दिनों में मांगा गया जवाब
- वीडीए उपाध्यक्ष ने दी चेतावनी कहा- प्राधिकरण की छवि हो रही खराब

हिन्दुस्तान–दि0 17.01.2025

## अनिरुद्ध अध्यक्ष, सुशील महामंत्री बने

वाराणसी। वीडीए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी चुनी गई है। गुरुवार को वीडीए मुख्यालय में हुए चुनाव में अनिरुद्ध पांडेय अध्यक्ष, सुशील कुमार उपाध्याय महामंत्री चुने गए। वहीं विजय कुमार मिश्रा कार्यवाहक अध्यक्ष, राजेन्द्र प्रसाद यादव उपाध्यक्ष, अनिल कुमार कोषाध्यक्ष, गायत्री देवी संयुक्त मंत्री, शिवपूजन मिश्रा संगठन मंत्री और राजेश कुमार शर्मा प्रचार मंत्री चुने गये।

## वीडीए से आर्किटेक्ट को नोटिस जारी

वाराणसी। भवन स्वामी की शिकायत पर वीडीए ने आर्किटेक्ट को चेतावनी जारी की है। प्रकरण के अनुसार वीडीए के पंजीकृत आर्किटेक्ट अनिल कुमार सिंह ने पोर्टल पर अपलोड आवेदन संख्या वीडीए/बीपी/2024/25/0350 मानचित्र की जांच की। प्राधिकरण द्वारा पहले से दर्ज आपत्तियों के समाधान के बिना ही फाइल को दो बार अपलोड किया गया। जांच में आर्किटेक्ट की गलती सामने आई।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 17.01.2025

# वीडीए में स्वास्थ्य जांच व परामर्श कैम्प का आयोजन

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

वाराणसी।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार प्राधिकरण सभागार में दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर उनका समुचित इलाज सुनिश्चित करना था। कैंप में प्रमुख रूप से रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अक्षत अग्रवाल (गोल्ड मेडलिस्ट) एवं सर्जन डॉ. अजय अग्रवाल के द्वारा डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, आंखों की जांच एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद एवं वाराणसी आँइ बैंक सोसाइटी ने भी सहयोग प्रदान किया। कैंप में प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानंद यादव, उपसचिव देवचंद राम सहित कुल 276 कर्मचारियों ने स्वास्थ्य जांच कराई। इस पहल के तहत कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। प्राधिकरण की इस पहल को सभी कर्मचारियों द्वारा सराहा गया और सभी ने आगामी समय में ऐसे कैंपों के आयोजन की आवश्यकता जतायी।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 17.01.2025

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना : वीडीए कर्मचारियों को कराना होगा रजिस्ट्रेशन

वाराणसी (एसएनबी)। वीडीए में कार्यरत कर्मचारियों के लिए सोलर प्लांट लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन कैंप बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत, वाराणसी विकास प्राधिकरण में कार्यरत सभी नियमित, संविदा तथा पेंशनधारी कर्मचारियों को अपने घरों पर सोलर प्लांट लगाए जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इस योजना का उद्देश्य कर्मचारियों को स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना और बिजली बिल में छूट प्रदान करना है। कर्मचारियों को इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन के लिए बिजली का बिल, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर की आवश्यकता होगी। योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कुल 1,08000 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है।

### सब्सिडी का विवरण

1.0 किलोवाट के लिए रु. 45,000

2.0 किलोवाट के लिए रु. 90,000

3.0 किलोवाट से लेकर 10.0 किलोवाट तक के लिए रु.108,000 की सब्सिडी केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।

सभी कर्मचारियों के लिए रजिस्ट्रेशन के लिए एचडीएफसी बैंक के सामने प्राधिकरण परिसर में एक कैंप आयोजित किया गया है, जो 16 जनवरी से 30 जनवरी 2025 तक चलेगा। इस कैंप का आयोजन नोडल अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) द्वारा किया गया।


# वीडीए में स्वास्थ्य जांच व परामर्श कैम्प का आयोजन

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

वाराणसी।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार प्राधिकरण सभागार में दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर उनका समुचित इलाज सुनिश्चित करना था। कैंप में प्रमुख रूप से रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अक्षत अग्रवाल (गोल्ड मेडलिस्ट) एवं सर्जन डॉ. अजय अग्रवाल के द्वारा डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, आंखों की जांच एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद एवं वाराणसी आँइ बैंक सोसाइटी ने भी सहयोग प्रदान किया। कैंप में प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानंद यादव, उपसचिव देवचंद राम सहित कुल 276 कर्मचारियों ने स्वास्थ्य जांच कराई। इस पहल के तहत कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। प्राधिकरण की इस पहल को सभी कर्मचारियों द्वारा सराहा गया और सभी ने आगामी समय में ऐसे कैंपों के आयोजन की आवश्यकता जतायी।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 17.01.2025

### वीडीए में कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण



**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा प्राधिकरण के सभागार में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संघ के उद्देश्यों और कार्यों को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलायी। अनरूद्ध पाण्डेय अध्यक्ष, सुशील कुमार उपाध्याय महामंत्री, विजय कुमार मिश्रा कार्यवाहक अध्यक्ष, राजेन्द्र प्रसाद यादव उपाध्यक्ष, अनिल कुमार कोषाध्यक्ष, गायत्री देवी संयुक्त मंत्री, शिवपूजन मिश्रा संगठन मंत्री,राजेश कुमार शर्मा प्रचार मंत्री निर्वाचित हुए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रमुख रूप से अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव परमानंद यादव, उप सचिव देवचंद राम, अधिक्षण अभियंता अजय पवार, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील सिन्हा, महामंत्री अभिषेक सिंह तथा मनोनित सदस्य, कार्यकारिणी सदस्य एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 17.01.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक

वाराणसी। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं सम्भागीय खाद्य नियत्रंक, वाराणसी सम्भाग पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्थान्तर्गत के0पी0आई0 वॉयोलेशन एवं ब्लॉकवार उपलब्ध कराये गये छोटे वाहनों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक में सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी, वाराणसी सम्भाग, वाराणसी, उपायुक्त (खाद्य), वाराणसी मण्डल, वाराणसी, वाराणसी, प्रतिनिधि मण्डल प्रबन्धक, भारतीय खाद्य निगम, वाराणसी मण्डल, वाराणसी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, वाराणसी, चन्दौली, जौनुपर एवं गाजीपुर तथा जिला पूर्ति अधिकारी, वाराणसी, चन्दौली, जौनपुर एवं गाजीपुर के द्वारा प्रतिभाग किया गयासभी जिला खाद्य विपणन अधिकारी, एवं जिला पूर्ति अधिकारी, वाराणसी, को जियोफेंस डिलीवरी की स्थिति सन्तोषजनक नहीं पाये जाने पर निर्देश दिये गये है कि अपने-अपने जनपदों के परिवहन ठेकेदारों की बैठक आहूत कराकर आवश्यकता के अनुसार छोटे वाहनों की आवश्यकता का आंकलन कराने तथा ठेकेदारों द्वारा आवश्यकतानुसार छोटे वाहनों की सूची उपलब्ध कराने हेतु



तत्काल बैठक आहूत कराये। के0पी0आई0 वॉयोलेशन की स्थितिसम्भाग में जनपद जौनपुर एवं गाजीपुर में जियोफेंस खाद्यान्न डिलीवरी की स्थिति 50 प्रतिशत से कम पायी गयी। जनपद गाजीपुर के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले ब्लाक-मुहम्मदाबाद, बाराचवर, जमानियाँ, गाजीपुर सदर, करण्डा, कासिमाबाद एवं जखनियाँ जनपद जौनपुर के सबसे खराबा प्रदर्शन करने वाले ब्लाक-मछलीशहर, बरसठी, खुटहन, मुगराबादशाहपुर, जलालपुर, शाहगंज, मुफ्तीगंज, सिकरारा, सुजानगंज, बक्सा एवं महराजगंज जनपद चन्दौली के सबसे खरावा प्रदर्शन करने वाले ब्लाक-नियमताबाद, बरहनी, शाहबगंज, न0प0 चन्दौली, एवं सदर। जनपद वाराणसी के सबसे खरावा प्रदर्शन करने वाले ब्लाक-जैतपुरा क्षेत्र। सभी ठेकेदार प्रत्येक वाहनों की जी0पी0एस0 मॉनीटरिंग करेंगें। सभी ठेकेदार अपने-अपने सभी वाहन चालको को रूट के बारे में जानकारी देंगे तथा जियोफेंस में डिलीवरी करायेंगे। इस कार्य हेतु सभी ठेकेदार अपने-अपने व्हाट्सऐप ग्रुप बना लें एवं सतत् निर्देश देते रहें। ठेकेदार, एक दिन पूर्व उचित दर विक्रेताओं को फोन करके खाद्यान्न आने की जानकारी देंगे ताकि वाहन पहुँचने पर उचित दर विक्रेता उपस्थित रहें एवं खाद्यान्न प्राप्त कर सके। सभी ठेकेदार अपने वाहन को उचित दर विक्रेता दुकानो में खाद्यान्न डिलीवरी के समय जियोफेंस में 30 मिनट तक वाहन खड़ा करेंगें ताकि जियोफेंस में डिलीवरी ऑनलाइन प्रदर्शित हो सके। जनपदवार सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्थान्तर्गत चल रही जी0पी0एस0 युक्त वाहनों के के0पी0आई0 में प्रदर्शन में जियोफेंस डिलीवरी 50 प्रतिशत से कम होने वाले ब्लाकों में सुधार हेतु निर्देश दिये गये है।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 17.01.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण में स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श कैम्प का आयोजन

वाराणसी । विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार प्राधिकरण सभागार में दो दिवसीय स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर उनका समुचित इलाज



सुनिश्चित करना था। कैंप में प्रमुख रूप से रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अक्षत अग्रवाल (गोल्ड मेडलिस्ट) एवं सर्जन डॉ. अजय अग्रवाल के द्वारा डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, आँखों की जाँच एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद एवं वाराणसी ऑफ बैंक सोसाइटी ने भी सहयोग प्रदान किया कैंप में प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव श्री गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव श्री परमानंद यादव, उपसचिव श्री देवचंद राम सहित कुल 276 कर्मचारियों ने स्वास्थ्य जाँच कराई इस पहल के तहत कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। प्राधिकरण की इस पहल को सभी कर्मचारियों द्वारा सराहा गया और सभी ने आगामी समय में ऐसे कैंपों के आयोजन की आवश्यकता जताई।

## परफेक्ट मिशन–दि0 17.01.2025

### वीडीए सचिव ने चतुर्थ श्रेणी संघ के पदाधिकारियों का कराया शपथ ग्रहण

परफेक्ट मिशन

वाराणसी। वीडीए के सचिव डॉक्टर वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा प्राधिकरण के सभागार में गुरुवार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सचिव डॉक्टर वेद प्रकाश मिश्रा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को संघ के उद्देश्यों और कार्यों को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई।



नवीचित पदाधिकारी गण में अनिरुद्ध पाण्डेय- अध्यक्ष, सुशील कुमार उपाध्याय- महामंत्री, विजय कुमार मिश्रा- कार्यवाहक अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद यादव- उपाध्यक्ष, अनिल कुमार- कोषाध्यक्ष, गायत्री देवी- संयुक्त मंत्री, शिव पूजन मिश्रा- संगठन मंत्री, राजेश कुमार शर्मा- प्रचार मंत्री शामिल रहे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रमुख रूप से अपर सचिव डॉक्टर गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव परमानंद यादव, उप सचिव देवचंद राम, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील सिन्हा, महामंत्री अभिषेक सिंह, तथा मनोनीत सदस्य, कार्यकारिणी सदस्य एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी गण उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के दौरान डॉक्टर वेद प्रकाश मिश्रा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि कर्मचारी संघ का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना है। इस अवसर पर सभी उपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों ने मिलकर कार्यों की सफलता के लिए समर्पण और एक जुटता का संकल्प लिया।

## परफेक्ट मिशन–दि0 17.01.2025

### विकास प्राधिकरण कर्मी लगवाएंगे सोलर प्लांट, कराया रजिस्ट्रेशन

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के सभी नियमित, संविदा और पेंशनधारी कर्मचारियों को सोलर प्लांट लगाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना और कर्मचारियों के बिजली खर्च को कम करना है।योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कुल 1,08,000 तक की सब्सिडी दी जाएगी। 1 किलोवाट के लिए 45,000 रुपये, 2 किलोवाट के लिए 90,000 रुपये और 3 से 10 किलोवाट तक 1,08,000 रुपये अनुदान दिए जाएंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए कर्मचारियों को अपना बिजली बिल, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर प्रस्तुत करना होगा। रजिस्ट्रेशन कैंप एचडीएफसी बैंक के सामने प्राधिकरण परिसर में 16 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है इस कैंप का संचालन नोडल अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) द्वारा किया जा रहा है।

## दैनिक जागरण आईनेक्स्ट–दि0 17.01.2025

### हेल्थ कैंप में वीडीए कर्मियों का चेकअप



**अक्षत डायग्नोस्टिक्स के बैनर तले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

varanasi@inext.co.in

**VARANASI (16 Jan):** वीडीए परिसर में गुरुवार को अक्षत डायग्नोस्टिक्स के बैनर तले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान करीब 200 कर्मचारियों को चिकित्सकीय परामर्श, रक्तचाप, रक्त शर्करा, रिफ्रैक्शन टेस्ट और अन्य जांचों पर रियायती दर की सुविधा दी गई. डॉ. अक्षत अग्रवाल, डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. अनन्या अग्रवाल और डॉ. ऋषभ शाह ने कर्मचारियों का चेकअप किया. इस दौरान वीडीए के कर्मचारियों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और उन्हें स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में उचित जानकारी प्रदान की गई. कार्यक्रम के दौरान सचिव वेदप्रकाश मिश्रा और संयुक्त सचिव परमानंद यादव भी मौजूद थे. उन्होंने डॉक्टरों और पैरा-मेडिकल स्टाफ के कठिन परिश्रम की सराहना की. अक्षत डायग्नोस्टिक्स और शाह अस्पताल ने इस कार्यक्रम का आयोजन करके कर्मचारियों की स्वास्थ्य देखभाल में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके लिए सभी ने उनका आभार व्यक्त किया. संयुक्त सचिव परमानंद यादव ने कहा कि बदलते परिवेश में फिट व स्वस्थ रहना भी बहुत जरूरी है. इसलिए समय-समय पर हेल्थ चेकअप भी कराना चाहिए.

**अच्छा प्रयास है: वीसी**



वीडीए के वीसी पुलकित गर्ग ने कहा कि वीडीए परिसर में आयोजित कैम्प में कुशल व अनुभवी डाक्टरों की मौजूदगी में कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप किया गया. यह प्रयास अच्छा है. इस दौरान कर्मचारियों को स्वस्थ्य रहने की सलाह दी गई. इस आयोजन के लिए अक्षत डायग्नोस्टिक्स की पूरी टीम को बधाई देता हूं.

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 17.01.2025

# VDA अब कम करेगा HFL का दायरा, 1978 के बाद लिया गया फैसला

वाराणसी। वीडीए की ओर से हाई फ्लड लेवल (एचएफएल) का दायरा कम करने की तैयारी है। इससे गंगा और वरुणा किनारे निर्माण कार्य की अड़चनें दूर होंगी। 702 मौजा में तकरीबन ढाई हजार एकड़ जमीन इस दायरे में है। इन इलाकों में नए निर्माण पर रोक है। केवल वीडीए की अनुमति लेकर लोग मरम्मत कराते हैं। वर्ष 1978 में आई बाढ़ में गंगा पार के कटेसर, साहूपुरी समेत कई गांव और बनारस के रामनगर, गोदौलिया चौराहे से लेकर लक्सा थाने तक पानी पहुंच गया था। उस दौरान सूरत की एक एजेंसी ने रिपोर्ट दी थी। उसके आधार पर वीडीए ने उस इलाके को एचएफएल क्षेत्र घोषित कर दिया था। इस क्षेत्र में निर्माण कार्य पर रोक है। इस नाते यहां पर कोई भी विकास कार्य कराने के लिए काफी दिक्कत होती है। रामनगर क्षेत्र में बाढ़ के पानी को रोकने के लिए विभिन्न पुलिया पर वीडीए ने सिंचाई विभाग की मदद से छह फ्लैपर गेट बनाए हैं। इसके लिए सिंचाई विभाग को 52 लाख रुपये दिए हैं। कोटिल्य सोसाइटी की रिट पर हाईकोर्ट ने गंगा से सटे काफी गांवों व शहरी क्षेत्र के कई इलाकों को एचएफएल घोषित किया है, जिससे इन इलाकों में कुछ वर्षों से नक्शा

**बोले अधिकारी-** सन 1978 में आई बाढ़ के बाद एचएफएल क्षेत्र चिह्नित किया गया है। पांच दशक में उन क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति काफी बदल चुकी है। इन क्षेत्रों में अब गंगा का पानी नहीं आता है। कुछ इलाकों को एचएफएल से बाहर करने के लिए एनजीटी से पत्राचार किया गया है। - पुलकित गर्ग, वीडीए उपाध्यक्ष

नहीं पास होता है। वहीं जो जर्जर भवन हैं उसके मरम्मत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर वीडीए परमिशन देता है। लिए नियोजन विभाग से सड़कों के निर्माण के लिए सर्वे कराया जा रहा है। इन इलाके के लोगों को मिलेगा फायदा : एचएफएल दायरा कम होने से दशाश्वमेध, चौक, गोदौलिया, कोदई चौकी, जंगमबाड़ी, मदनपुरा, पांडेय हवेली, सोनारपुरा, शिवाला, भदैनी, असि, रवींद्रपुरी, रमापुरा, लक्सा, कमच्छा, रेवड़ी तालाब, गौरीगंज, भेलूपुर, गुरुधाम, साहूपुरी, कटेसर, रामनगर के आसपास के क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी।

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 17.01.2025

# वीडीए अब कम करेगा एचएफएल का दायरा

जिला संवाददाता

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से हाई फ्लड लेवल (एचएफएल) का दायरा कम करने की तैयारी है। इससे गंगा और वरुणा किनारे निर्माण कार्य की अड़चनें दूर होंगी। 702 मौजा में तकरीबन ढाई हजार एकड़ जमीन इस दायरे में है। इन इलाकों में नए निर्माण पर रोक है। केवल वीडीए की अनुमति लेकर लोग मरम्मत कराते हैं। वर्ष 1978 में आई बाढ़ में गंगा पार के कटेसर, साहूपुरी समेत कई गांव और बनारस के रामनगर, गोदौलिया चौराहे से लेकर लक्सा थाने तक पानी पहुंच गया था। उस दौरान सूरत की एक एजेंसी ने रिपोर्ट दी थी। उसके आधार पर वीडीए ने उस इलाके को एचएफएल क्षेत्र घोषित कर दिया था। इस क्षेत्र में निर्माण कार्य पर रोक है। इस नाते यहां पर कोई भी विकास कार्य कराने के लिए काफी दिक्कत होती है। रामनगर क्षेत्र में बाढ़ के पानी को रोकने के लिए विभिन्न पुलिया पर वीडीए ने सिंचाई विभाग की मदद से छह फ्लैपर गेट बनाए हैं। इसके लिए सिंचाई विभाग को 52 लाख रुपये दिए हैं। कोटिल्य सोसाइटी की रिट पर हाईकोर्ट ने गंगा से सटे काफी गांवों व शहरी क्षेत्र के कई इलाकों को एचएफएल घोषित किया है, जिससे इन इलाकों में कुछ वर्षों से नक्शा नहीं पास होता है। वहीं जो जर्जर भवन हैं उसके मरम्मत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर वीडीए परमिशन देता है। लिए नियोजन विभाग से सड़कों के निर्माण के लिए सर्वे कराया जा रहा है।

**इन इलाके के लोगों को मिलेगा फायदा :** एचएफएल दायरा कम होने से दशाश्वमेध, चौक, गोदौलिया, कोदई चौकी, जंगमबाड़ी, मदनपुरा, पांडेय हवेली, सोनारपुरा, शिवाला, भदैनी, असि, रवींद्रपुरी, रमापुरा, लक्सा, कमच्छा, रेवड़ी तालाब, गौरीगंज, भेलूपुर, गुरुधाम, साहूपुरी, कटेसर, रामनगर के आसपास के क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी।